As roots of democracy were getting stronger, means to get votes also changed. Now the question was how to generate vote bank. The 80's saw subsidies and reservations as one of the tools in the name of social justice. Intentions were noble but implementation was flawed and with ulterior motives. It was votes over economy & exchequer.

Indian middle class, no doubt was getting larger and larger, wealthier and wealthier, but looking at the state of politics in the country, it thought it wise to distance itself from the hustle and bustle of politics. To vote is one thing and to feel passionately involved in the system is something different which the Indian middle class avoided. No, doubt, it had become intellectual spine of the country but was happy to be guided by the unscrupulous politicians.

With the result, our leaders came to know that their destiny was decided by the poorer Indians who vote not the well -off middle and rich class. A clever and opportunistic lot, as they are, naturally, their focus shifted to the poor. According to one study, by the year 2016 there were 950 schemes to benefit these so called underprivileged and 11 of them account for 50% of our budget allocation. Look at the lure & importance of these schemes for remaining in power, the party which opposed MINERGA tooth and nail in the Parliament, increased the allocation under the head, when came to power.

As one must have noticed, in these elections, there is hardly any talk of policies but parties are in race to promise more and more freebies. Focus is 30% of population; nobody talks of remaining 70%. Interesting part is that 15% of these 30% so called deprived and for whom all these schemes have been made, are much better off than the middle class. Mr. Rahul Gandhi, one of the prospective candidates for PM's post, made surgical strike in this period of strikes, by promising Rs 72000 income per year for the poorest 20% of the families, which implies that almost 260 million of our population will have Rs 6000 per month, sitting at home, without having to do anything.

We have fast moved in to a work culture when a man in rural India and small towns, sees wisdom in spending his time on getting various subsidy cards rather than slogging to earn his livelihood. Yes, in this new culture, middle class has also an important role to play--work and slog for 12 hours to generate taxes to fund these schemes.

While 72 years back my ancestors saw enough virtue in doing hard work to come out of poverty and destitution, today I see enough sense in remaining poor. I simply hope, you won't blame me for this degeneration.

# कीचड़ और कमल

सीताराम गुप्ता

कहा जाता है कि कमल कीचड़ में ही खिलता है। कीचड़ या पंक में उगने या उत्पन्न होने अथवा खिलने के कारण ही उसे पंकज कहा गया है। लेकिन क्या कमल वास्तव में कीचड़ में ही उगता, उत्पन्न होता अथवा खिलता है? हाँ, लोग तो यही कहते हैं कि कमल कीचड़ में ही खिलता है। अब ये कीचड़ क्या है? कीचड़ मिट्टी और पानी का संयोग है। अब बतलाइए दुनिया का कौन सा पादप या पुश्प है जो मिट्टी और पानी के संयोग के बिना उगता या पल्लवित–पुश्पित होता है? इस धरती पर जितनी भी वनस्पतियाँ हैं सभी मिट्टी में उगती हैं। बीजों को अंकुरित होने व बढ़ने के लिए पानी की भी ज़रूरत पड़ती है। सूर्य की रोशनी व हवा में घुली कुछ गैसों की भी ज़रूरत होती है। किसी पौधे को कम पानी चाहिए तो किसी को अधिक पानी चाहिए। मिट्टी भी अनेक प्रकार की होती हैं। मिट्टी की विविधता के कारण ही वनस्पति जगत में विविधता पाई जाती है। मृदा व जल के संयोग की विविधता के कारण भी वनस्पति जगत में विविधता उत्पन्न होती है।

कमल कीचड़ में ही क्यों जल में भी तो उगता व खिलता है। इसीलिए तो उसे जलज कहते हैं। जलज ही नहीं नीरज, वारिज और अंबुज भी कहते हैं जिससे सिद्ध होता है कि कमल जल में ही उगता है। रुके हुए पानी में। तालाब या सरोवर में। नदी या समुद्र में नहीं। कमल जल में उगता है इसके अनेक पर्यायवाची शब्द उपलब्ध हैं जबकि कमल कीचड़ में उगता है इसका एक ही पर्यायवाची है। तालाब या सरोवर में जहाँ पानी होता है उसके तल में मिट्टी होती है। उसी मिट्टी में कमल के पौधे की जड़ें होती हैं। उसी के द्वारा वह मिट्टी से पोशण पाता है। यदि तालाब या सरोवर का तल पक्का हो तो उसमें कमल क्या कुछ भी नहीं उग सकता। उगने के लिए मिट्टी पहली शर्त है। जल में उत्पन्न होने और खिलने वाला कमल हो या दूसरे जलीय पुश्प वे सभी पानी के ऊपर खिलते हैं। यदि तालाब या सरोवर में जल की गहराई बहुत अधिक है तो कमल वहाँ नहीं उगते। कमल केवल उथले जल में ही खिलते हैं गहरे जल में नहीं। गहरी झीलों के उथले किनारों पर खिल सकते हैं बीच गहराई में नहीं।

कमल के विशय में अनेक भ्रांतियों से साहित्य भरा पड़ा है। कुछ कहते हैं और कुछ ने लिखा है कि मानसरोवर में कमल खिलते हैं। बहुत ऊँचाई पर कहाँ कमल खिलते हैं? जो झील अत्यधिक सर्दी के कारण साल के अधिकांश महीनों में जमी ही रहती है उसमें कमल कैसे खिल सकते हैं? वास्तव में कमल इस महिमामंडन का कारण है इसे अति महत्त्व दिया जाना। और महत्त्व दिए जाने का कारण है कमल का सौंदर्य। कमल की मसृणता व गंध। लेकिन अनेकानेक ऐसे पुश्प हैं जो कमल से भी सुंदर और आकर्शक हैं। कमल को अधिक महत्त्व देने का कारण हमारी हज़ारों वर्शों की कंडीशनिंग मात्र है। कमल व दूसरे आकर्शक पुश्प ही नहीं हर पुश्प

महत्त्वपूर्ण होता है चाहे वह कितना भी अनाकर्शक अथवा गंधहीन क्यों न हो। उसी से उसकी प्रजाति के पौधों का विकास संभव है। प्रकृति में जैव–विविधता अनिवार्य है। सभी पेड़–पौधे, वनस्पतियाँ, जीव–जंतु व भौगोलिक स्थितियाँ इसको बनाए रखने में सहयोग देती हैं। कमल महत्त्वपूर्ण नहीं है ये बात नहीं है कमल भी कम महत्त्वपूर्ण है लेकिन अन्य भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं हैं।

कमल का महिमामंडन प्रेरणा प्रदान करने के लिए किया जाता है। कमल कीचड़ में खिलता है अथवा विशम परिस्थितियों में भी खिलने से मना नहीं करता ये प्रेरणास्पद बात है। ये उन लोगों के लिए प्रेरणास्पद बात है जिन्हें विशम परिस्थितियों और समस्याओं से जूझना पड़ता है। जिनको अच्छा परिवेश उपलब्ध नहीं होता। जो असामान्य स्थितियों में रहने को विवश हैं। जो नारकीय परिस्थितियों में रहने को अभिशप्त हैं। जो ये कहते हैं कि हम ऐसे में कैसे आगे बढ़ें उनके लिए कमल का उदाहरण है कि कमल भी कीचड़ में उत्पन्न होता है और खिलता है। जब कमल कीचड़ में उत्पन्न हो सकता है तो वे भी विशम परिस्थितियों के कीचड़ में कमल की तरह खिलकर अपना विकास कर सकते हैं। कमल की तरह सुगंध बिखेर सकते हैं। कमल की तरह आकर्शक बन सकते हैं। विनम्र हो सकते हैं। समाज व राश्ट्र के लिए उपयोगी बन सकते हैं। कमल की तरह सम्मान व श्रद्धा पा सकते हैं। कमल की तरह विशम परिस्थितियों के बावजूद हर प्रकार की उन्नति कर सकते हैं।

पुनः कीचड़ की बात करते हैं। कीचड़ विशम परिस्थितियों अथवा समस्याओं का ही प्रतीक नहीं यह गंदगी का प्रतीक भी है। यह गंदगी बाह्य भी हो सकती है और आंतरिक भी। भौतिक भी और मानसिक भी। यदि आंतरिक गंदगी है तो उसमें उत्तम विचार रूपी कमल पुश्पों का विकसित होना संभव ही नहीं। भौतिक गंदगी में भी कमल नहीं खिलते। जिसे वास्तव में कीचड़ कहते हैं उस गंदगी में सूअर ही अधिक आनंदित होता है। ऐसी गंदगी में जहाँ सूअर उत्सव मनाते हैं कमल नहीं खिलते। आज महानगरों से लेकर गाँवों तक में कीचड़ और गंदगी की कमी नहीं। उस गंदगी और कीचड़ में कोई कमल नहीं खिलता। खिल ही नहीं सकता। यदि ऐसा संभव होता तो इस गंदगी में कमल उगाकर उसे उद्यानों में परिवर्तित कर लेते। दुनिया में चारों तरफ फैली मलिनता और दुर्गंध के साम्राज्य से मुक्ति पा लेते।

जिन जलाशयों अथवा झीलों में गंदगी व कीचड़युक्त पानी पहुँचता है उनमें भी कमल उगना बंद कर देते हैं। कमल ही नहीं दूसरी वनस्पतियों और जीव–जंतुओं के लिए भी अपना अस्तित्व बचाए रखना कठिन होता जा रहा है। वहाँ जलकुंभी अपना साम्राज्य स्थापित कर लेती है। ऐसे जल में जो भी उत्पन्न होता है वह अत्यंत निकृश्ट कोटि का होता है। उसमें दुर्गंध व्याप्त हो जाती है। ऐसी गंदगी में न कमल खिलता है न जिंदा रह पाता है। खिल भी नहीं सकता। कमल को भी विकसित होने व खिलने के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ चाहिएँ। व्यक्ति को भी विकास के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ चाहिएँ। ऐसे में उन युवकों को जो अत्यंत विशम परिस्थितियों में जी रहे हैं उनसे कैसे कहा जा सकता है कि कमल कीचड़ में ही उत्पन्न होता है? ये कहने वाले स्वयं ये करके दिखलाएँ तो कोई बात है। कीचड़ का न तो कोई महत्त्व रहा है और न रहेगा। कमल भी कीचड़ में नहीं जल की ऊपरी सतह पर ही खिलता है।

ए डी–106–सी, पीतम पुरा,
दिल्ली–110034
फोन नं 09555622323

# सच्चा मित्र कौन

नरेन्द्र आहूजा 'विवेक'

राजेश बीमार पड़ा तो उसे अपने एक पुराने डाक्टर मित्र की याद आई । हालांकि पिछले कुछ सालों से उस पुराने सहपाठी से मिलना काफी कम हो गया था परन्तु अब आवश्यकता पड़ने पर अनायास उसकी याद आ गई । परन्तु पता चला कि वह डाक्टर मित्र तो कुछ दिनों के लिए किसी सेमिनार में भाग लेने विदेश गया हुआ है । पहले समय की दूरी अब स्थान की दूरी, पुराना डाक्टर सहपाठी मित्रा जरूरत के समय उपलब्ध नहीं था ।

दिनेश को बिजनेस में घाटा हो गया । धन की तंगी रहने लगी । नगर सेठ का बेटा साथ ही तो पढ़ता खेलता था । अब तो पिता का कारोबार वही संभालता है । उसी से मांग लेता हूं, सोच कर उसके पास जा पहुंचा और थोड़ी भूमिका बांधकर हाथ पसार दिए । दिनेश की समस्या सुनते ही उसने भी बाजार की मंदी का रोना शुरू कर दिया ''हम भी बैंकों से लोन लेकर काम चला रहे हैं'' । दिनेश का दोस्त वक्त पर काम नहीं आ पाया ।

इस प्रकार जीवन में ना जाने कितने अवसर ऐसे आते हैं जब आदमी खुद को अकेला महसूस करता है । ऐसी मुसीबत के समय उसके मुंह से स्वतः ईश्वर का नाम निकल पड़ता है । जब आस पास सहायता के लिए कोई मित्र दिखाई नहीं देता तब केवल परमपिता परमेश्वर की ही याद आती है । वही एक परम मित्र जान पड़ता है । वैसे यह मनुष्य की कमजोरी ही है कि वह अपने इस परम मित्र परमेश्वर को केवल दुःख के समय ही याद करता है

दुःख में सिमरन सब करें , सुख में करे ना कोय ।
जो सुख में सिमरन करे , तो दुःख काहे को होय ।।

यदि मनुष्य सुख में भी अपने इस परम मित्र को याद करता रहे तो शायद दुख की स्थिति में ना फंसे । अथर्ववेद का मंत्र है ''इन्द्रस्थ यज्यु सखा'' अर्थात् वह इन्द्र परमात्मा हम सभी जीवात्माओं का परम मित्र है । वेद सब सत्य विद्याओं का पुस्तक एक तथा ईश्वरीय वाणी है ।

परमात्मा प्रत्येक जीवात्मा का परम मित्र है यह इसी से सिद्ध हो जाता है कि प्रत्येक मुसीबत की स्थिति में अनायास उसी ईश्वर की याद आती है । परन्तु कुछ लोग कहते हैं कि यदि वह सर्वशक्तिमान ईश्वर हमारा मित्र है तो हम पर यह मुसीबतें आती ही क्यों हैं ? वह हमारा परम मित्र परमेश्वर अपने मित्र धर्म का निर्वाह करते हुए मुसीबत को आने से पूर्व ही रोक क्यों नहीं लेता ? यहां हमें यह जान लेना होगा कि मनुष्य पर आने वाली मुसीबतें उसके कर्म फलों के रूप में ईश्वरीय न्याय व्यवस्था के आधीन मिला करती हैं । मनुष्य पाणिनी अष्टाध्यायी के सूत्रा के अनुसार ''स्वतंत्रा कर्ता'' होने के कारण भोक्ता भी स्वयं है और उसे प्रत्येक शुभ अशुभ कर्म का फल अवश्य भोगना पड़ता है ।

किसी भी कार्य को करने से पूर्व प्रत्येक मनुष्य के मन में उहापोह की स्थिति पैदा होती है एक वैचारिक देवासुर संग्राम मन में होता है । इस देवासुर संग्राम में हमारा परम मित्रा परमेश्वर अपने अन्तर्यामी एवं सर्वव्यापी गुण के कारण हमारे अंदर बाहर रहता हुआ हमें निश्चित रूप से शुभ कार्यो के लिए प्रेरित करता है परन्तु हम ईर्ष्या, राग द्वेष, स्वार्थों के वशीभूत होकर परम मित्र परमेश्वर की प्रेरणा को सुनने से इंकार कर देते हैं और मन में चल रहे देवासुर संग्राम में यदि आसुरी भावों की विजय होती है तो हम दुष्कर्मों की तरफ चलते हैं और अपने किए इन दुष्कर्मो का फल जब परमपिता परमेश्वर दंड स्वरूप हमें देते हैं तो भी उनका परम मित्रावत अभिप्राय यही होता है कि हम इस दंड या कष्ट से सबक लें और इन गलतियों को जीवन में फिर कभी ना दोहरायें । परन्तु हम अपने परम मित्र की इस नेक सलाह को नहीं मानते और तुच्छ स्वार्थों की पूर्ति, भौतिक क्षणिक सुख की प्राप्ति के लिए राग द्वेष ईर्ष्या के जाल में फंसे अधोगति की तरपफ निरन्तर चलते रहते हैं । इसमें कभी हमारी है ना कि हमारे परम मित्र की ।

# How to be happy while managing top posts as leaders or executives

**H.H. Dalai Lama**

I have engaged with many leaders of governments, companies, and other organisations over the past nearly 60 years, and I have observed how our societies have developed and changed. I am happy to share some of my observations in case others may benefit from what I have learnt. Leaders, whatever field they work in, have a strong impact on people's lives and on how the world develops. We should remember that we are visitors on this planet. We are here for 90 or 100 years at the most. During this time, we should work to leave the world a better place.

What might a better world look like? I believe the answer is straightforward:
A better world is one where people are happier. Why? Because all human beings want to be happy, and no one wants to suffer. Our desire for happiness is something we all have in common….

But today, the world seems to be facing an emotional crisis. Rates of stress, anxiety, and depression are higher than ever. The gap between rich and poor and between CEOs and employees is at a historic high.
And the focus on turning a profit often overrules a commitment to people, the environment, or society.
I consider our tendency to see each other in terms of 'us' and 'them' as stemming from ignorance of our interdependence. As participants in the same global economy, we depend on each other, while changes in the climate and the global environment affect us all. What's more, as human beings, we are physically, mentally, and emotionally the same.
Look at bees. They have no constitution, police, or moral training, but they work together in order to survive. Though they may occasionally squabble, the colony survives on the basis of cooperation. Human beings, on the other hand, have constitutions, complex legal systems, and police forces; we have remarkable intelligence and a great capacity for love and affection. Yet, despite our many extraordinary qualities, we seem less able to cooperate.
In organizations, people work closely together every day. But despite working together, many feel lonely and stressed. Even though we are social animals, there is a lack of responsibility toward each other. We need to ask ourselves what's going wrong.
I believe that our strong focus on material development and accumulating wealth has led us to neglect our basic human need for kindness and care. Reinstating a commitment to the oneness of humanity and altruism toward our brothers and sisters is fundamental for societies and organizations and their individuals to thrive in the long run. Every one of us has a responsibility to make this happen.
Cultivate peace of mind. As human beings, we have a remarkable intelligence that allows us to analyze and plan for the future. We have language that enables us to communicate what we have understood, to others. Since destructive emotions like

anger and attachment cloud our ability to use our intelligence clearly, we need to tackle them.

## For Survival

Fear and anxiety easily give way to anger and violence. The opposite of fear is trust, which, related to warm-heartedness, boosts our self-confidence. Compassion also reduces fear, reflecting as it does a concern for others 'well-being. This, not money and power, is what really attracts friends. When we're under the sway of anger or attachment, we're limited in our ability to take a full and realistic view of the situation. When the mind is compassionate, it is calm and we're able to use our sense of reason practically, realistically, and with determination.

We are naturally driven by self-interest; it's necessary to survive. But we need wise self-interest that is generous and cooperative, taking others' interests into account. Cooperation comes from friendship, friendship comes from trust, and trust comes from kind-heartedness. Once you have a genuine sense of concern for others, there's no room for cheating, bullying, or exploitation; instead, you can be honest, truthful, and transparent in your conduct.

The ultimate source of a happy life is warm-heartedness. Even animals display some sense of compassion. When it comes to human beings, compassion can be combined with intelligence. Through the application of reason, compassion can be extended to all seven billion human beings. Destructive emotions are related to ignorance, while compassion is a constructive emotion related to intelligence. Consequently, it can be taught and learned.

The source of a happy life is within us. Troublemakers in many parts of the world are often quite well-educated, so it is not just education that we need. What we need is to pay attention to inner values.

## Take these Steps

The distinction between violence and nonviolence lies less in the nature of a particular action and more in the motivation behind the action. Actions motivated by anger and greed tend to be violent, whereas those motivated by compassion and concern for others are generally peaceful. We won't bring about peace in the world merely by praying for it; we have to take steps to tackle the violence and corruption that disrupt peace. We can't expect change if we don't take action. Peace also means being undisturbed, free from danger. It relates to our mental attitude and whether we have a calm mind. What is crucial to realize is that, ultimately, peace of mind is within us; it requires that we develop a warm heart and use our intelligence. People often don't realize that warm-heartedness, compassion, and love are actually factors for our survival.

Buddhist tradition describes three styles of compassionate leadership: the trailblazer, who leads from the front, takes risks, and sets an example; the ferryman, who accompanies those in his care and shapes the ups and downs of the crossing; and the shepherd, who sees every one of his flock into safety before himself. Three styles, three approaches, but what they have in common is an all-encompassing concern for the welfare of those they lead.

# श्री रवि कुमार आर्य द्वारा बहुत उपयोगी पुस्तक – चिन्ता से चिन्तन की और

यह आर्य समाज सैक्टर 16 का सौभाग्य है कि वहां का प्रबन्धन का कार्य श्री रवि कुमार आर्य जी जैसे विद्वाान व उच्च पद पर रहे एक कुशल प्रबन्धक के हाथ में है। श्री रवि कुमार आर्य न केवल भौतिक विज्ञान में पंजाव विश्वविद्याालय से MSc हैं , पर साथ में वे कानून के स्नातक व MBA भी हैं। उनकी योग्यता की झलक इस बात से मिल जाती है कि वे पंजाब व सिन्ध बैंक से महा प्रबंधक के पद से सेवानिर्वत हुये। इस में किंचित मात्र संदेह नहीं कि उनके कुशल प्रबन्धन सें आर्य समाज सैक्टर 16 को नई दिशा मिली है।

जब ऐसी भूमिका वाला व्यक्ति कलम पकड़ता है तो जो कुछ भी वह लिखता है वह विशेष ही होता है जैसा कि उनकी लिखी पुस्तक चिन्ता से चिन्तन की और को पढ़कर ज्ञात हुआ। आज जब कि वेदों का ज्ञान, स्वार्थी तत्वों के कारण, लोगों को न समझ आने वाली भाषा में, पुस्तकों तक ही रह गया है। श्री रवि जी ने अंग्रेजी में इस पुस्तक द्वारा बता कर हमारी वर्तमान और आने वाली पीढ़ी पर बहुत उपकार किया है।

आज हमारे अधिकतर बच्चे अंग्रेजी मिडियम में ही पढ़ते हैं, जो कि समय को देखते हुये बिल्कुल सही है। न तो वे संस्कृत समझते हैं , चाहे स्कूल में पढ़ी हो पर व्यवहार में न होने के कारण उसका कोई उपयोग नही, और न हीं गुरूकुल से पढ़े स्नातको द्वारा किया कठिन हिन्दी का अर्थ वह अपने अनुरूप पाते है। परिणाम जो हमारा पढ़ा लिखा तबका है वह उन अध्यात्मिक गुरूओं को अपना रहें हैं जो कि अंग्रेजी भाषा में अध्यात्मिक सहित्य दे रहें हैं। बातें चाहे वे वेदों की ही करते हैं, पर अक्सर आर्य समाज के सिद्धान्तों व वेदों की भावना से अक्सर दूर ही होती हैं। ऐसे में श्री रवि जी ने संध्या विषय का चुनाव कर उसे अंग्रेजी भाषा में वेदों के सही अनुरूप में सामने ला कर, बहुत ही बुद्धिमता का कार्य किया है जिस के लिये वह बधाई के पात्र है।

जो मेरी आयु के आर्य समाजी है वह शायद याद करेंगे कि संध्या हमारे परिवारों की दिनचर्या का अभिन्न अंग थी। न केवल परिवार में दोनों समय सभी इकठे होकर संध्या करते थे बल्कि आर्य समाजों में हवन के बाद संध्या की जाती थी। मेरे अनुसार संध्या तो ब्रहम यज्ञ है, इसे आप कहीं भी कर सकते हैं, चाहे बस, रेलगाड़ी में है, या फिर दूसरे देश में हैं। यही नहीं आप दूसरे मतों के पूजा स्थलों में भी ऐक कोने में बैठ कर कर सकते हैं। फिर मेरे अनुसार संध्या एक पूर्ण प्रार्थना है जिस में ईश्वर की स्तुती, अपने शारिरिक , मानसिक और अध्यात्मिक उत्थान के लिये, दूसरों की भलाई के लिये प्रार्थना है। समय 10 या 15 मिंट ही लगते है, परन्तु बात आदत बनाने की हैं। जो बना लेता है वह इसे छोड़ नहीं सकता। यदि कभी किसी कारण छूट जाये तो ऐसा ही महसूस होता है जैसे स्नान न करने पर होता है, और व्यक्ति तुरन्त संध्या करने चला जाता हैं । ठीक भी हैं क्यों जिस प्रभु ने सब कुछ दिया, उस का धन्यावाद न करना पाप ही है। परन्तु आज के समय में जब आप परिवार व अतिथियों के साथ संध्यां करें तो हिन्दी, अंग्रेजी या अपनी भाषा में अर्थे के साथ करें। यही रवि जी की पुस्तक का संदेश है। मेरे अनुसार मनसा प्राकृमां मन्त्रों में मन को शाति देने वाला सब से सुन्दर संदेश यह है––––हे ईश्वर आप चारों दिशाओं में विराजमान हैं, आपने हमें जीवन के सब साधन सूर्य का प्रकाश, वायु, जल अग्नि आदि दे कर हमें प्राण देते हैं, पालतें हैं व सब खतरनाक प्राणियों से रक्षा करते हैं। हम आपके बहुत धनयावादी हैं। जो अन्जाने में हमस` द्वेश करता है या जिस से अनजाने में हम करते हैं, उसे आपके

न्याय पर छोड़ देते हैं। ईश्वर पर ऐसा विश्वास, मन की शांति का सब से बड़ा साधन है।
श्री रवि जी को एक सुझााव भी है––––कुपया हिन्दी प्रेमियों के कहने पर इस का अनुवाद करने न लग जायें। हिन्दी में ऐसी हजारों पुस्तकें हैं जिन्हें कोई छूता तक नहीं , और आदमी के मरने के बाद उस के बच्चों द्वारा किसी कबाडी को दे दी जाती है। जो आज के समय में पढने वाला है या जिस को मन में रख कर पुस्तक बनाई गई है, वह हिन्दी और अंग्रेजी दोना पढ़ लेगा। इस लिये अपनी धन ओर शक्ति हिन्दी में पुस्तक बनाने पर न खर्च करें तो अच्छा होगा इसी पुस्तक की कोई कीमत रख दें। एक कहावत है–––अपनी टांग कुते के आगे कर दो तो वह भी नहीं काटता। रवि जी 50 साल से आर्य समाजी हैं, अब तक उन्हें यह ज्ञात हो जाना चाहिये था कि हम आर्य समाजियों से अलोचना तो सुन सकतें हैं पर सराहना मुश्किल से मिलती है, और जो यहां सराहना पा जाता है उसने समझो सब परिक्षायें पास कर ली।

दो शब्द श्रीमती अमिता आर्य जी के बारे में
मैं तो यही कहूंगा कि रवि जी बहुत सौभागयशील हैं जिन्हें श्रीमती अमिता आर्य पत्नि के रूप में मिली। हर कदम पर रवि जी के साथ हैं।
किसी पद को सम्भालकर कार्य करने वाले तो अक्सर देखे जातें हैं पर बिना पद या पराश्रमिक के सेवा करने वाले, खास कर हमारे आर्य समाजों में, कम ही देखे जाते हैं। श्रीमती अमिता आर्य इस श्रेणी में हैं। समाज के सफल प्रवन्धन में उनका सहयोग कोई भी देख सकता है। वह अपने कीमती समय का बहुत बडा अंश समाज को देती है, खास कर कम खर्च में मासिक दिये जाने वाले लंगर व प्रीतिभोज में उनकी एहम भूमिका रहती है।
एक और बात जो मुझे छू गई, वह है अनुशासन को महत्व। इसके लिये हर व्यक्ति को अलोचना भी सुननी पड़ती है परन्तु वह इसे सहर्ष स्वीकार कर इस में निष्ठा बनाये रखती है।
ईश्वर रवि जी व अमिता जी को अच्छा स्वास्थय व लम्बी आयु दे ताकी उनकी सेवा का फायदा आर्य समाजों को मिलता रहे।

1. *पत्रिका में दिये गये विचार लेखकों के अपने हैं। सम्पादक जरूरी नहीं उस से सहमत हो। लेखकों के टैलीफोन नम्बर दिये है, आप सम्पर्क कर सकते है। आपके लेख के बारे में विचार अवश्य प्रकाशित किये जायेंगे।*

*न्यायिक प्रक्रिया के लिये चण्डीगढ़ न्यायलय ही मान्य है।*

2. *विज्ञापन से सम्पादक के विचारों का मिलना, आवश्यक नहीं सम्पादक उस की किसी भी प्रकार जिम्मेवारी नही लेता।*

# वेदों की बात तो हम करते हैं पर ऐसा लगता है आचरण में विदेशी लोग लाते हैं

आचार्य डा उमेश यादव

यहां पर आचार्य डा उमेश यादव के बारे में बताना आवश्यक होगा। आचार्य डा उमेश यादव का जन्म व शिक्षा बिहार भारतवर्ष में ही हुई। गुरूकुल में प्रारम्भिक शिक्षा के उपरान्त, उन्हें पी एच डी की उपाधी भी पंजाव विश्वविद्यालय द्वारा पुरस्कृत की गई । 2005 में इंगलैंड स्थान्तर करने से पहले वे भारत के बिभिन्न आर्य समाजों में आचार्य रहे जिस में आर्य समाज सैक्टर–7 का नाम प्रमुख है। उन्होने कई पुस्तकें भी लिखी, जिस में याजुष मन्त्रो में अध्यात्मक– भावना प्रमुख है। मझे भी इस पुसतक को पढ़ने का अवसर मिला। स्वभाविक है, ऐसा व्यक्ति वेदों को भली भान्ती पढ़ा होगा और समझा होगा।

मुझे उनका उपदेश सुनने का मौका आर्य समाज सैक्टर–7 के मासिक सत्संग में मिला। उपदेश अच्छा था परन्तु जो उनकी कही एक बात मुझे छू गई वह थी ––––– मुझे इंगलैंड में लगभग 13 वर्ष रहने के बाद ऐसा लगा कि वेदों की बहुत जोर शोर से बातें तो हम भारतीय करतें है परन्तु जहां तक जीवन में धारण करने का सवाल है, विदेशी लोग करते हैं। मैं अपने अनुभव के आधार पा कह सकता हूं कि उनकी कही यह बात सोला आने ठीक है। वेदों के नाम पर भारत में संसकृत पढ ली, पी एच डी की उपाधी प्राप्त कर ली, अध्यापक लग गये और जीविका अजिर्त करने के नाम नर कर्मकाण्ड कराना प्रारम्भ कर दिया, इस के सिवा कुछ नहीं। कर्मकाण्ड भी ऐसा जिसे न तो करवाने वाला समझता है और जिसे के लिये किया जाता है, उसकी तो बात ही छोड़ें। विवाह संस्कार की बात ही लें ले, मैं विश्वास के साथ कह सेता हूं कि 99 प्रतिशत वर बधु को यह मालुम नहीं पढ़ता कि पण्डित जी क्या बोल रहें हैं, न ही वह समझने की कोशिश करते हैं, शायद वे यह मानते हों कि पंडित महोदय हमारे लिये प्रार्थना कर रहें हैं, हमें करने की कोई आवश्यकता नहीं। हम में अधिक हिन्दुओं का यह विश्वास है कि ईश्वर केवल संसकृत ही समझता है। हमें प्रारथना करने की आवश्यकता नहीं पण्डित ने कर दी तो फल हमें मिल जायेगा। यह हाल केवल पौराणिकों का ही नहीं हम आर्य समाजियो का भी है, जिस संस्था का जन्म ही तर्क की प्रधानता से हुआ था, वह भी उतनी ही अन्धविश्वासों और कर्मकाण्डों की शिकार है, जितनी की दूसरी संस्थायें। हमारे धार्मिक उनसवों को ही ले लो, चाहे होली है या दिवाली या फिर जन्माशटमी, घटिया मनोरंजन, खाना पीने के सिवा कुछ नहीं रह गया ।

आर्य समाज के जाने माने विद्वान प्रवक्ता श्री महेश विद्यालंकार के शब्दों में ––– हमें जुलूस, लंगर, फोटो, माला, स्वागत सम्मान आदि में समस्त शक्ति, सोच, धन भाग दौड़ पूरी हो जाती है? कहीं भी आत्मचिन्तन, आत्मसुधार, बैचेनी, व्याकुलता और पीड़ा नजर नहीं आ रही है। यहीं पर्वों, उत्सवों, महासम्मेलनों तथा धार्मिक कार्यक्रमों की त्रासदी है। तत्काल कुछ समय प्रभाव, भाव–भावना व प्रेरणा रहती है। बाद को सब बराबर हो जाता है। इन बातों पर तत्काल गंभीरता से विचार – मन्थन करने की जरूरत है। जब तक जीवन में आर्यत्व, सत्याचरण, शुद्दता, पवित्रता, धार्मिकता आदि न होगा, तब तक दूसरों को आकर्षित व प्रभावित न कर सकेंगे। जलता हुआ दीया ही दूसरे दीये को जलाने में समर्थ होता है, बुझा दीया दूसरे को नहीं जला पाता है। जीवन से जीवन बनते और सुधारते हैं। आज हमारे जीवनों में धार्मिकता, आध्यात्मिकता, वैदिकता, प्रभुभक्ति स्वाध्याय, आत्मचिन्तन आदि तेजी से छूट रहे हैं? इसी कारण बर्हिजगत् में धूमधाम है, अन्तजगत् सुनसान अशान्त बैचेन तथा परेशान है।

ऐसे में वेद हमारे आचरण में कैसे आ सकते हैं। यदि हमने वेदों को अपने आचरण में लाना है तो हमें इसे अपनी भाषा मे ही समझ कर इसे दूसरों को उनकी भाषा में ही बताना होगा। बुद्विमान व्यक्ति वह होता हे जो दूसरों की भाषा में बात करने की कोशिश करता है, जब की हम अपनी ही भाषा में बात करने में फखर महसूस करते हैं। कहने का अभिप्राययह है कि मन्त्र रटने से या फिर मधुर वाणी में बोलने से कुछ नहीं होगा। चाहिये यह है कि हम चाहे हम वेद का एक मन्त्र ही चुन लें , परन्तु उसका अर्थ समझे, मनन करें और जीवन में धारण करें। जीवन को अच्छा मदाने के लिये विश्वानी देव सवित्र––––––मनत्र ही काफी है यदि हम अर्थ समझे, मनन करें और जीवन में धारण करें।

रजि. नं. : 4262/12

।। ओ३म् ।।

फोन : 94170-44481, 95010-84671

# महर्षि दयानन्द बाल आश्रम

मुख्य कार्यालय -1781, फेज़ 3बी-2, सैक्टर-60, मोहाली, चंडीगड़ - 160059
शाखा कार्यालय - 681, सैक्टर-4, नज़दीक गुरुद्वारा, मुंडीखरड़-मोहाली
आर्य समाज मंदिर, चंडीगढ़ व पंचकुला
E-mail : dayanandashram@yahoo.com, Website : www.dayanandbalashram.org

Mrs Sudesh Seth celebrated her grandson's birthday with slum children

धार्मिक माता/पिता 2100 प्रति माह
धार्मिक बहन/भाई 1500 प्रति माह
धार्मिक बन्धु 1000 प्रति माह
धार्मिक सखा 500 प्रति माह
धार्मिक सहयोगी 100 प्रति माह
धार्मिक साथी 50 प्रति माह

आप आर्थिक सहयोग देकर भी पुण्य के भागी बन सकते है :-

**A/c No. : 32434144307**
**Bank : SBI**
**IFSC Code : SBIN0001828**

All donations to this organization are exempted under section 80G

स्वर्गीय
श्रीमती शारदा देवी
सूद

## निमार्ण के 63 वर्ष

# गैस ऐसीडिटी शिमला का मशहूर कामधेनु जल

## (एक अनोखी आर्युवैदिक दवाई मुख्य स्थान जहां उपलब्ध है)

स्वर्गीय
डॉ0 भूपेन्दर नाथ गुप्त
सूद

Chandigarh-2691964, 5076448, 2615360, 2700987, 2708497, Manimajra-2739682, Panchkula 2580109, 2579090, 2571016, Mohali-2273123, 2212409, 2232276, Zirakpur-295108, Shimla- 2655644, Delhi-23344469, 27325636, 47041705, 27381489, Yamunanagar-232063, Dehradoon-2712022, Bhopal-2550773, 9425302317, Jaipur-2318554, Raipur-9425507000, Lucknow-2683019, Ranchi-09431941764, Guwhati-09864785009, 2634006, Meerut- 8923638010, Bikaner-2521148, Batala-240903, Gwaliyar-2332483, Surat-2490151, Jammu-2542205m, Gajiabad-2834062, Noida-2527981, Nagpur-9422108322, Ludhiana-2741889, 9915312526, Amritsar-2558543, Jallandhar-2227877, Ambala Cantt-4002178, Panipat-4006838, Agra-0941239552, Patiala-2360925, Bhatinda-2255790

**Medicine is available in other places also, Please contact us to know the name of the shop/dealer.**

शारदा फारमासियुटिकलज मकान 231ए सैक्टर 45–ए चण्डीगढ़ 160047

**0172-2662870, 92179 70381, E-mail : bhartsood@yahoo.co.in**

---

# जिन महानुभावो ने बाल आश्रम के लिए दान दिया

श्री संजीव गोयल

श्री सुकांत एवं श्रीमती कांता कांसल

श्री विनेय खन्ना

श्रीमती सुफी चावला

श्री अवनि गुप्ता

श्रीमती एवं श्री सागर अरोडा

श्रीमती सुदेश सेठ

श्री देवेन्द्र चैथले

# मजबूती में बे–मिसाल

## घर का निर्माण डीप्लास्ट के साथ

40 years in service

DIPLAST
PLASTICS LIMITED
AN ISO 9001 COMPANY

C-36, Industrial Phase 2, S.A.S. Nagar, Mohali (Pb.) India
Phone : +91-172-2272942, 5098187, Fax : +91-172-2225224
E-mail : diplastplastic@yahoo.com, Web : www.diplast.com

**QUALITY IS OUR STRENGTH**

## विज्ञापन / Advertisement

यह पत्रिका शिक्षित वर्ग के पास जाती है आप उपयुक्त वर–वधु की तलाश, प्रियजनों को श्रद्धा सुमन, अपने व्यापार को आगे ले जाने के लिये शुभ–अशुभ सूचना विज्ञापन द्वारा दे सकते है।

Half Page Rs. 250/- Full Page Rs. 500/-, 75 words Rs. 100/-

Contact : Bhartendu Sood, # 231, Sector 45-A, Chandigarh-160047
Tel.: 0172-2662870, Mob.: +91-9217970381
E-mail : bhartsood@yahoo.co.in